हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, रविवार 25 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 17 .4 डिग्री
न्यूनतम 1.6 डिग्री

14 छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से लूटी वाहवाही



14 स्पेल बी में माइंड मास्टर्स समूह ने मारी बाजी



## खबर संक्षेप

### डेबिट कार्ड बदल नकदी निकाली, मामला दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के आठ मरला स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम कक्ष में अज्ञात व्यक्ति ने न्यू मॉडल टाउन निवासी रणधीर सिंह का डेबिट कार्ड बदल कर उनके बैंक खाते से 41,200 रुपए की निकासी कर ली। इधर, सिंह की शिकायत पर थाना मॉडल टाउन पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान करने में जुटी है।

### ठगी के आरोपी की जमानत नामंजूर

**पानीपत।** पानीपत में मुकेश कुमार गर्ग के साथ करीब एक करोड रूपये की साइबर ठगी के आरोपी बैंक अधिकारी टीपू सुल्तान की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंबरदीप सिंह की कोर्ट ने जमानत याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है। जज सिंह की कोर्ट ने कहा कि आरोपी टीपू सुल्तान, समाज के लिए एक संभावित खतरा है और उसे राहत देने से मामले की जांच प्रभावित हो सकती है। आरोपी को अभी जेल में ही रहना होगा। वहीं, पुलिस ने इस केस में टीपू सुल्तान को गत वर्ष नौ जनवरी को गिरफ्तार किया था और वह तभी से जेल में बंद है।

### 4 लाख लूटने के मामले में तीन युवक गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी राहुल, दीपक उर्फ डंडा व अभिषेक उर्फ तोरी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-2 प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि इस मामले में सम्बन्ध में संजीव ने 12 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उस पर मिर्ची पाउडर डाल कर चाकू मार कर उसे घायल कर उससे लगभग 4 लाख रूपये लूट लिए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। रिमांड में अन्य अपराधों की जानकारी मिलने की भी उम्मीद है।

### हेरोइन मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** एएनसी की टीम ने मादक पदार्थ मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी अभय उर्फ अभि को गिरफ्तार किया है। एएनसी के प्रभारी निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि उनकी टीम अपराध नियंत्रण हेतू गश्त पर तैनात थी। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना अंबाला छावनी क्षेत्र नजदीक सुभाष पार्क कुकरैन भवन के पास आरोपी माद्वक पदार्थ सहित खड़ा है । टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। विधिपूर्वक तलाशी लेने पर आरोपी से 10 ग्राम 76 मिलिग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। पकडे गए आरोपी की पहचान ललित कुमार उर्फ लल्ली के रूप में हुई थी। इसी मामले में एएनसी टीम ने कार्यवाही करते हुए एक अन्य आरोपी अभय उर्फ अभि को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### पुलिस ने पांच हजार का ईनामी बदमाश पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस की टीम डंपर चोरी के मामले में पांच हजार के इनामी आरोपी गुलजार निवासी इस्लामनगर, खतौली जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश को मुजफ्फरनगर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई है। आरोपी गुलजार, चोरी के अन्य मामले में यूपी की मुजफ्फरनगर जेल में बंद था। पुलिस ने शुक्रवार को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उसे आठ दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। गुलजार पर पानीपत पुलिस की अनुसंशा पर मई 2023 में पांच हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया था। गुलजार पर हरियाणा, यूपी, राजस्थान व दिल्ली में वाहन चोरी, लूट, जानलेवा हमला, आर्म्स एक्ट आदि के 47 केस दर्ज है। जबकि गुलराज पर थाना किला में गांव राजा खेड़ी निवासी पन्ना की शिकायत पर 2022 में डंफर चोरी के आरोप में केस दर्ज है।

# खंडहर से 15 साल का किशोर रेस्क्यू किया, बंगले में रहता था छिपकर

## सूचना के बाद सामाजिक संस्था ने की रेकी, पुलिस व सेना की मदद से चला ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के सैन्य क्षेत्र में मॉल रोड पर स्थित बंगला नंबर 101 से पुलिस व सेना की खुफिया एजेंसी ने सामाजिक संस्था वंदे मातरम् दल ने एक 15 वर्षीय किशोर का रेस्क्यू किया। बताया गया है कि यह किशोर मानसिक तौर पर बीमार है। एक साल से इस जर्जर बंगले में छिपकर रह रहा था। वह रात्रि 9 बजे बंगले से निकलता और सड़क पर लोगों से मांगकर अपना पेट भरता था।

रात के समय निकलने के कारण अधिक लोगों को इस मामले की जानकारी भी नहीं लग सकी थी। इस दौरान सुरक्षा को लेकर बीसी बाजार चौकी प्रभारी सुखबीर सिंह दल-बल के साथ मौजूद रहे। वंदे मातरम् दल की टीम सुबह लगभग 11 बजे सेना के जर्जर बंगले कमरे में पुलिस की मौजूदगी में अंदर घुसी। टीम ने पहले प्रत्येक कमरे को खंगाला।

जांच टीम ने एक ऐसे कमरे में पहुंची, जहां छत पर सीमेंट की स्लैब बनी हुई थी। इसके बाद किशोर को नींद से जगाने के लिए आवाज लगाई गई। वह कुछ देर बाद नींद से उठा और देखा कि उसके ईद-गिर्द पुलिस सहित काफी लोग खड़े थे। इसके बाद उसे प्यार से समझाकर स्लैब से नीचे उतारा गया और उसके सामान की तलाशी ली गई, हालांकि उसके पास किसी भी तरह का कोई भी संदिग्ध सामान व दस्तावेज बरामद नहीं हुआ। रेस्क्यू टीम को जांच के दौरान स्लैब के नजदीक लिखे कुछ नंबर भी नजर आए जोकि दो व 24 तक लिखे हुए थे। इस अलावा जब टीम किशोर को लेकर जाने लगी तो मुख्य दरवाजे के निकट ही दीवार पर कुछ मोबाइल नंबर भी अंकित थे, जिन्हें अब खुफिया एजेंसियों ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया है ताकि इन नंबरों पर संपर्क करके पूछताछ की जा सके। वंदे मातरम् दल के सदस्य भरत ने बताया कि कुछ दिन पहले वह अंबाला छावनी में इसी जगह के नजदीक आए थे।

उन्होंने यहां से एक लावारिस आदमी को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया था। इस दौरान उन्हें एक लावारिस किशोर की जानकारी मिली थी, इसके बाद बच्चे तक पहुंचने की योजना तैयार की गई और लगातार एक सप्ताह तक किशोर की रेकी गई ताकि कहीं किसी प्रकार की गलती न हो जाए।



**अंबाला।** किशोर को रेस्क्यू करती समाजिक संस्था के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### वंदे मातरम् दल ने तथ्य जुटाए

*रेकी के दौरान वंदे मातरम् दल ने कुछ तथ्य भी जुटाए और स्थानीय लोगों से पूछताछ भी की। इस दौरान सामने आया कि किशोर रात 9 बजे सेना की जर्जर बंगले से बाहर निकलता था। इसके बाद वह मॉल रोड से होते हुए गोल चक्कर तक पहुंचता था। यहां होटल व दुकानों से मांगकर खाना खाता था। इसके बाद घूमने के बाद वह रात एक बजे वापस कोठी में घुस जाता था।*

### » संरक्षण में लिया

किशोर को वंदे मातरम् टीम ने संरक्षण में लिया है। इस संबंध में एसपी कार्यालय से सहयोग के निर्देश मिले थे। मौके से कुछ भी संदिग्ध वस्तु व दस्तावेज नहीं मिले हैं।
-सुखबीर सिंह, चौकी प्रभारी बीसी बाजार, अंबाला।

# 27 को बैंक कर्मचारी करेंगे धरना-प्रदर्शन



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद यूएफबीयू पदाधिकारी।

- पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग कर रहे, हड़ताल का ऐलान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पाँच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने, सभी शनिवारों को अवकाश घोषित करने सहित अन्य लंबित माँगों को लेकर बैंक कर्मचारियों की सभी 9 यूनियनों के संयुक्त मंच यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने 27 जनवरी 2026 को देशव्यापी बैंक हड़ताल का आह्वान किया है।

यूएफबीयू द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार, हड़ताल नोटिस दिए जाने के पश्चात 14 जनवरी 2026 को भारतीय बैंक संघ के साथ वार्ता हुई। बैठक में आईबीए के मुख्य कार्यकारी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि यूएफबीयू की ओर से सभी घटक यूनियनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आईबीए ने बताया कि शेष दो शनिवारों को अवकाश घोषित करने का प्रस्ताव सरकार को भेजा जा चुका है, किंतु पिछले दो वर्षों से इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। आईबीए ने यूएफबीयू से हड़ताल स्थगित करने का अनुरोध किया, जिसे यूएफबीयू ने लंबे समय से हो रही देरी एवं ठोस निर्णय के अभाव के चलते अस्वीकार कर दिया। इसी क्रम में कुरुक्षेत्र में यूएफबीयू पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 जनवरी को पी.एन.बी. शाखा, सेक्टर-13 व एस.बी.आई. रीजनल बिजनेस ऑफिस के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

### ये रहे शामिल

इस मौके पर पंजाब नैशनल बैंक से नरोत्तम कुमार, विनोद अरोड़ा, अजय सभरवाल एवं अंग्रेज सिंह; भारतीय स्टेट बैंक से जसपाल सिंह, पंकज कुमार एवं विकास श्योकंद; यूनियन बैंक से दीपक गर्ग, इंडियन बैंक से प्रीतम सिंह आदि शामिल रहे।

# 31 जनवरी को श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी संत रविदास जयंती

## उमरी में प्रदेश स्तरीय समारोह



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- समारोह में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सैनी शिरकत करेंगे

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र एक बार फिर दलित वर्ग के उत्थान और सामाजिक समरसता की साक्षी बनेगी। संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सैनी शिरकत करेंगे।

उमरी में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय समारोह की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इसी कड़ी में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया ने पत्रकारों को समारोह की रूपरेखा से अवगत कराया। सुदेश कटारिया ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जयंती समारोह को लेकर दलितों में उत्साह है। 31 जनवरी को आयोजित होने वाले समारोह में प्रदेश के कोने-कोने और अन्य राज्यों से दलित वर्ग पहुंचेगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुदेश कटारिया ने बताया कि वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में दलित वर्ग ने संविधान-स्वाभिमान समारोह में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को संकल्प लोटा देकर भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने का संकल्प लिया था। भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने में दलित वर्ग का बड़ा योगदान रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं पूर्व सीएम मनोहर लाल द्वारा दलितों के उत्थान के लिए शुरू किए अंत्योदय उत्थान के मूल मंत्र को गति देने का काम कर रहे हैं। सुदेश कटारिया ने कहा कि दलित वर्ग की लंबे समय से मांग थी कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का भव्य मंदिर बनाया जाए। बतौर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दलित वर्ग की इस मांग को पूरा करते हुए उमरी में विश्व स्तरीय संत रविदास संग्रहालय और मंदिर बनाने का ऐलान किया था और जगह मुहैया करवाई थी।

# केयू वनस्पति विभाग के 26 विद्यार्थी कॉलेज कैडर में बने शिक्षक

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वनस्पति विभाग के 26 पूर्व एवं वर्तमान विद्यार्थी हरियाणा के कॉलेज कैडर में सहायक प्राध्यापक पर चयनित हुए हैं।

- कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने दी बधाई

इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इतने बड़ी संख्या में एक साथ विद्यार्थियों का सहायक प्राध्यापक पद पर चयन केयू एवं विभाग के लिए बड़े.गर्व एवं हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि इससे विश्वविद्यालय के साथ-साथ वनस्पति विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ी है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि केयू विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ शोध, अनुसंधान के लिए हर प्रकार की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल चयनित छात्रों की व्यक्तिगत सफलता नहीं है, बल्कि उनके धैर्य, अनुशासन और शैक्षणिक प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है। उन्होंने चयनित उम्मीदवारों को उनके पेशेवर जीवन में शिक्षक और शोधकर्ता के रूप में ईमानदारी, नवाचार और सेवा के मूल्यों को बनाए रखने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

# पूर्व विधायक भरत छौक्कर पर केस दर्ज आरटीआई एक्टिविस्ट ने सुरक्षा मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने समालखा पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराकर पूर्व विधायक भरत सिंह छौक्कर से सुरक्षा की मांग की है। कपूर ने शिकायत में आरोप लगाया कि समालखा का पूर्व विधायक भरत, उन पर समझौता करने व कोर्ट में उसके पक्ष में गवाही देने के लिए पिछले तीन महीने से बार-बार शहर के मौजीज व्यक्तियों को उनके ऑफिस में भेज कर दबाव बना रहा है, ऐसा न करने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दे रहा है, फोन करके मीटिंग करने की गुहार भी लगा रहा है। कपूर का आरोप है कि पूर्व विधायक छोकर उन्हें परेशान किया जा रहा है ।



पानीपत। आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर शिकायत दिखाते हुए।

### ये है मामला

समालखा पुलिस चौकी में दर्ज कराई रिपोर्ट में कपूर ने बताया कि पूर्व विधायक भरत ने अपने पड़ोसी के साथ भूमि विवाद में दर्ज कराई झूठी एफआईआर में उन्हें भी रंजिशन लपेट रखा है। कपूर ने भी पूर्व विधायक पर सीता राम कालोनी में सार्वजनिक गली पर अवैध कब्जा करके पेट्रोल पंप व कोठी बनाने के आरोप लगा कर लोकायुक्त कोर्ट में केस दर्ज करा रखा है व समालखा कोर्ट में भी मानहानि के शिकायत केस दर्ज करा रखे हैं ।

# डारपुर जंगल से 75 हजार रुपये के खैर के पेड़ चोरी

**यमुनानगर।** खैर तस्करों ने गांव डारपुर जंगल से 75 हजार रुपये की कीमत के खैर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए। पुलिस ने कलेसर रेंज के वन्य जीव निरीक्षक की शिकायत पर सात खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- सात खैर तस्करों के खिलाफ केस

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वन्य जीव निरीक्षक लीलुराम ने छछरौली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 जनवरी की रात को वह क्षेत्र में टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि डारपुर जंगल से कुछ खैर तस्करों ने खैर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए हैं। सूचना मिलते की उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की तो जंगल से करीब 75 हजार रुपये की कीमत के खैर के पेड़ कटे मिले। जांच करने पर उन्हें मालूम हुआ कि जंगल से खैर के पेड़ गांव डारपुर निवासी हासिम, सकील, नसीम, नसीम पुत्र नाजम, महबूब, कुर्बान व गांव जाटांवाला निवासी इस्लाम ने अपने साथियों के साथ काटकर चोरी किए हैं। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# कांग्रेसी नेता ने महिला से माफी मांगकर बचाव किया

**पानीपत।** पानीपत के इसराना विधानसभा से कांग्रेस के टिकट के दावेदार माने जा रहे सत्यपाल वाल्मीकि ने निजी बस में यात्रा के दौरान एक यात्री महिला से उसका मोबाइल नंबर मांगा। इसका महिला ने विरोध किया और इसकी जानकारी फोन से अपने परिजनों को दी। परिजन बस स्टैंड पर पहुंच गए। इधर, सत्यपाल के बस से उतरने पर महिला के परिजनों ने उन्हें घेर लिया। इधर, ग्रामीणों की नाराजगी देख सत्यपाल ने महिला के पैर पकड कर उसने क्षमा मांगी।

## सरस्वती केन्द्र की पुस्तक द सरस्वती नदी गाथा का विमोचन किया

# दर्शन लाल के प्रयासों से सरस्वती नदी का उत्थान

- सरस्वती नदी पर एक विस्तृत ग्रंथ है यह पुस्तक : सीएम नायब सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दर्शन लाल जैन सेंटर ऑफ एक्सिलेंस फॉर रिसर्च ऑन सरस्वती रिवर केन्द्र की पुस्तक द सरस्वती नदी गाथा पुस्तक का विमोचन करते हुए हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पदमश्री स्वर्गीय दर्शन लाल जैन धरातल पर पवित्र सरस्वती नदी लाने वाले भगीरथ है जिनके अथक प्रयासों से 1990 के दशक की शुरूआत में गैर-सरकारी संगठन सरस्वती नदी शोध संस्थान, जगाधरी के बैनर तले सरस्वती नदी के उत्थान के लिए कार्य शुरू हुए थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पिहोवा में सरस्वती महोत्सव के बसंत पंचमी के दिन सरस्वती नदी पर बीते 20 सालों में हुए वैज्ञानिक शोध कार्य पर लिखी इस पुस्तक का लोकार्पण करते हुए यह विचार व्यक्त किए। गौरतलब है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड के अध्यक्ष हैं, जिनके मार्गदर्शन में केयू स्थित दर्शन लाल जैन सेंटर ऑफ एक्सिलेंस फॉर रिसर्च ऑन सरस्वती रिवर केन्द्र निरंतर सरस्वती नदी के उद्गम स्थलों पर शोध कार्य कर रहा है। मुख्यंत्री ने कहा कि यह पुस्तक सरस्वती नदी पर एक विस्तृत ग्रंथ है और यह विद्वानों, नीति-निमार्ताओं, पर्यावरणविदों तथा उन सभी के लिए उपयोगी सिद्ध होगी जो भारत की प्राचीन सभ्यता, ज्ञान और भविष्य की स्थिरता को समझना चाहते हैं। इस अवसर पर केन्द्र के निदेशक एवं भूविज्ञान के अध्यक्ष प्रो. एआर चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती सरस्वती नदी शोध संस्थान के संस्थापक सदस्य रहे हैं और उन्होंने हरियाणा में सरस्वती नदी के राजस्व अभिलेखों को एकत्रित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे हरियाणा सरकार के इस नदी के पुनर्जीवन के प्रयासों को मजबूत आधार मिला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की संस्कृति और परंपराएं उस प्राचीन सभ्यता में निहित हैं जो सरस्वती नदी के तटों पर फली-फूली थी।



**कुरुक्षेत्र।** पुस्तक का विमोचन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य।




## खबर संक्षेप



### मून स्टार स्कूल में मनाया गया बसंत पंचमी त्योहार

**रादौर।** मून स्टार प्री स्कूल में बसंत पंचमी के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थी पीले रंग के वस्त्र पहन कर व पीले रंग का भोजन लेकर विद्यालय में आए। विद्यार्थियों ने सरस्वती माता जी की आरती की व हे शारदे मां प्रार्थना का जाप भी किया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रसमीन कौर ने बच्चों को बताया कि यह त्योहार ज्ञान, विद्याएसंगीत व कला की देवी मां सरस्वती के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व बसंत ऋतु के आगमन का भी प्रतीक है जो खुशियां और उमंग लेकर आता है। तभी तो कहा भी गया है कि आई बसंतए पाला उडंत। इस अवसर पर नीतूए सिमरनए अनुए उमाए नेहाए सोनियाए शिवानीए मीनूए सचिनए कृष्ण आदि मौजूद रहे।

### संविधान में सभी वर्गों के हित सुरक्षित:-मंजू



**रादौर।** लाइक पब्लिक स्कूल रादौर में शनिवार को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक मंजू रानी ने कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नर्सरी की छात्रा तनिष्का ने ध्वजारोहण किया। मौके पर राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक मंजू रानी ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक के कर्तव्यों के बारे में बताया। प्रबंधक मंजू रानी ने कहा कि भारतीय संविधान में सभी वर्गों व नागरिकों के हित सुरक्षित हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देश भक्ति के गीत, कविताएं और भाषण द्वारा गणतंत्र दिवस के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए।

### संस्था ने टीबी के मरीजों को वितरित किया राशन



**रादौर।** मुकंदलाल संस्था द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रादौर में शनिवार को निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी मरीजों को राशन वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर के एसएमओ डॉ. विजय कुमार ने की। एसएमओ डॉ. विजय कुमार ने मरीजों से उनकी दवाई व स्वास्थ्य के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि ट्यूबरक्लोसिस को आम बोलचाल की भाषा में टीबी कहते हैं।

## उपायुक्त प्रीति ने कार्यक्रम में पहुंच किया ध्वजारोहण

# गणतंत्र दिवस की फुलड्रेस रिहर्सल में टुकड़ियों का शानदार प्रदर्शन

26 जनवरी के जिला स्तरीय राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष में हुई रिहर्सल में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। कार्यक्रम में ध्वजारोहण करती उपायुक्त प्रीति।



यमुनानगर। परेड़ का निरीक्षण करती जिला उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में जिला स्तरीय राष्ट्रीय पर्व को हर्षोल्लास के साथ धूम.धाम से मनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शनिवार को समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रमों की नई अनाज मंडी में रिहर्सल की गई जिसका अवलोकन उपायुक्त प्रीति ने किया। उन्होंने ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली। इससे पूर्व पुलिस लाईन जगाधरी में स्थित शहीदी स्मारक पर जाकर शहीदों को नमन करेंगे।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि गणतन्त्र दिवस के पावन अवसर पर 26 जनवरी को प्रातरू 10 बजे तेजली खेल परिसर में हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ध्वजारोहण करेंगे व परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इससे पूर्व पुलिस लाईन जगाधरी में स्थित शहीदी स्मारक पर जाकर शहीदों को नमन करेंगे। उन्होंने बताया कि आज की गई फुल ड्रैस रिहर्सल में सभी टुकडियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया है।

उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुकुंद पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सूर्य नमस्कार एवं योग प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा अनेकता में एकता थीम पर प्रस्तुति, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुरानी सब्जी मंडी के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी नृत्य, होली मदर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित कोरियोग्राफी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जगाधरी के विद्यार्थियों द्वारा गिद्दा, गुर्जर कन्या विद्या मंदिर देवधर के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति राष्टीय एकता पर आधारित नाटक मंचन की प्रस्तुति दी जाएगी।

### सभी विभागीय अधिकारी रहे मौजूद

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, एडीसी नवीन आहूजा, एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, डीआरओ तरुण सहोता, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, डीआईओ विनय गुलाटी, जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी शिल्पा गुप्ता, डीआईपीआरओ डा. मनोज कुमार, जिला रैडक्रास समिति के सचिव रणधीर सिंह, जिला बाल कल्याण अधिकारी सुखविंदर सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी, विद्यार्थी एवं प्रशिक्षक आदि उपस्थित थे।

### परेड का नेतृत्व करेंगी डीएसपी पूजा

उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड का नेतृत्व डीएसपी पूजा करेंगी व परेड में पुरूष पुलिस टुकड़ी का नेतृत्व पीएसआई अजय कुमार, महिला पुलिस की टुकड़ी का नेतृत्व पीएसआई रूचि, गृह रक्षी दल टुकड़ी का नेतृत्व एसआई अभिषेक, एनसीसी लडकों की टुकड़ी का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर विनीत कुमार करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला के स्वतंत्रता सेनानियों व युद्ध वीरांगनाओं को सम्मानित किया जाएगा व साथ ही सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# सर्वश्रेष्ठ कार्य पर पंचायत को केन्द्र सरकार करेगी सम्मानित

- रादौर के गांव खेडकी ब्राह्मणा की सरपंच कुलविन्द्र कौर को केन्द्र सरकार ने भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ब्लॉक रादौर के गांव खेडकी ब्राह्मणा की पंचायत को जिले में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 26 जनवरी को गणतंत्रता दिवस के अवसर दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र सरकार द्वारा दिया जाएगा।

इसके लिए सरकार की ओर से गांव की महिला सरपंच कुलविन्द्र कौर को पत्र भेजकर उन्हें सम्मानित किए जाने बारे अवगत करवाया गया है। रादौर शहर से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित गांव खेडकी ब्राह्मणा की महिला सरपंच कुलविंदर कौर ने अपने लगभग साढ़े 3 वर्ष के कार्यकाल में जिले स्तर पर बेहतर कार्य कर एक मिसाल कायम की है। गांव की पंचायत की आमदन कम होने के बावजूद महिला सरपंच ने गांव के लोगों को सरकार की योजनाओं का लगभग 100 प्रतिशत लाभ दिलवाने में ऐडी चोटी का जोर लगा दिया। जिसकी बदौलत आज गांव खेडकी ब्राह्मणा की महिला सरपंच को राष्ट्रीय स्तर पर 26 जनवरी को नई दिल्ली में भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। जैसे ही गांव की पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर कार्य करने को लेकर जिले में पहला स्थान प्राप्त होने की सूचना गांव के लोगों को मिली तो ग्रामीण खुशी से झूम उठे।

### खुशी मनाई

गांव के लोगों ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई। अब 26 जनवरी को गांव की महिला सरपंच कुलविंदर कौर अपने पति परमजीत सिंह पम्मी के साथ नई दिल्ली में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस की परेड कार्यक्रम में भाग लेंगी। जहां उन्हें विशेष अतिथि के तौर पर सरकार की ओर से आमंत्रित किया गया है। सरकार की ओर से उन्हें कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विशेष निमंत्रण भेजा गया है। गांव की महिला सरपंच कुलविंदर कौर ने बताया कि लगभग साढ़े 3 वर्ष पहले गांव खेडकी ब्राह्मणा के लोगों ने उन्हें चुनाव जितवाकर गांव की सरपंच चुना था। उन्होंने सरकार की ओर से हर घर जल योजना को लागू किया। जिसके तहत गांव के सभी लोगों को पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध हुआ है। अंतराष्टNीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लबए इनरव्हील क्लबए महाराणा प्रताप पार्क एसोसिएशनए अग्रसेन पार्क एसोसिएशनए वेलफेयर एसोसिएशनए ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन की ओर से गांव खेडकी ब्राह्मणा की पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार मिलने पर विशेष रूप से शुभकामनाएं दी गई है। इनरव्हील क्लब की प्रधान लक्ष्मी चोपड़ा ने कहा कि गांव खेडकी ब्राह्मणा की महिला सरपंच ने गांव में बेहतर कार्य कर एक मिसाल कायम की है। जिससे समाज में महिलाओं का मान सम्मान बढ़ा है।



# साइबर ठगी से बचने के लिए कैप्चा कोड पर नहीं करें क्लिक:गोयल

- साइबर अपराधी कैप्चा से आमजन के साथ कर रहे बड़ा स्कैम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठग आए दिन लोगों को ठगने के लिए नए नए तरीके अपना रहे हैं। आजकल साइबर ठग कैप्च कोड के जरिए लोगों को ठग रहे हैं। इन साइबर ठगों से बचने के लिए आमजन को सावधान रहने की जरुरत है। उक्त बात पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बातचीत करते हुए दी।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि इन दिनों कैप्चा कोड के जरिए साइबर अपराधी लोगों के साथ बड़ा स्कैम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपने भी कई बार गूगल पर कुछ सर्च करते समय कैप्चा कोड वेरिफाई करने के लिए प्रॉम्प्ट देखा होगा। जिसपर क्लिक करने के बाद आपको आई एम नॉट ए रोबोट वाला एक ऑप्शन मिलता है। जैसे ही आप लिंक पर क्लिक करते हैं तो आपको आगे बढ़ने के लिए कुछ स्टेप्स को फॉलो करने के लिए कहता है। साइबर अपराधी अब इस तरह के कैप्चा कोड के जरिए लोगों को चूना लगा रहे हैं। साइबर क्रिमिनल्स असली की जगह नकली कैप्चा कोड डालकर यूजर्स के फोन या कम्प्यूटर में मेलवेयर यानी वायरस मैसेज भेज रहे हैं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि साइबर ठग नकली कोड बनाकर लोगों को मेलवेयर डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करते हैं।

### सतर्कता ही साइबर ठगी से बचने का है उपाय



पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि सावधानी व सतर्कता ही साइबर ठगी से बचने का बेहतर उपाय है। इसलिए अपने बैंक संबंधी डिटेल किसी अन्य व्यक्ति से सांझा न करें। साइबर धोखाधड़ी होने पर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी पुलिस स्टेशन पर संपर्क करें। ताकि समय रहते आपका पैसा ब्लॉक कराया जा सके।



यमुनानगर। शिविर में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### स्वच्छता है हमारे जीवन का अनिवार्य पहलू : सिंह

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय रादौर में एनएसएस यूनिट के तत्वावधान में सात दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. एसके सिंह की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एसके सिंह ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अनिवार्य पहलू है। हमें इसका विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। एनएसएस वालंटियर का यह कर्तव्य बनता है कि वह स्वयं भी स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान रखें और आम नागरिक को भी स्वच्छता की महत्ता से अवगत करवाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का पालन कर हमें एक सुदृढ़ एवं सशक्त राष्ट्रीय के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। प्रो. सतपाल ने कहा कि स्वच्छता सुखमय जीवन का आधारभूत तत्व है। स्वच्छता होने पर हमारे आस-पास बीमारियां कम होती है। अतः हमें अपने जीवन में स्वच्छता की अनिवार्यता का ध्यान रखना चाहिए। संयोजक डा. रिंकू शर्मा की देखरेख में गांव रादौरी में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है।

# ट्रैक्टर-ट्राली ने पुलिस की गाड़ी को मारी टक्कर

- पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के गांव भीलपुरा-76 के पास अवैध खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पुलिस टीम की गाड़ी का टक्कर मारकर जान से मारने का प्रयास किया। इसके बाद आरोपी ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर मौके से फरार हो गए। जब पुलिस टीम अवैध खनन से भरी ट्राली को थाने ले जाने लगे तो वहां पर काफी लोग इकट्ठा हो गए और सरकारी काम में बाधा डाली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपियों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार एएसआई नरेंद्र सिंह ने बताया कि वह टीम के साथ प्रतापनगर थाना क्षेत्र में गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे अवैध खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्राली आती दिखाई दी। जब उसने ट्राली को रूकने का इशारा किया तो आरोपी चालक ने उसकी गाड़ी में टक्कर मारकर उन्हें जान से मारने का प्रयाय किया। इसके बाद आरोपी ट्राली से ट्रैक्टर निकालकर वहां से फरार हो गए। जब वह अन्य ट्रैक्टर को मौके पर बुलाकर अवैध खनन से भरी ट्राली को थाने लेकर जाने लगे तो वहां पर भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और उन्हें ट्राली ले जाने से रोका। जांच में पता चला कि मुंतजीर व अनवर में अपने ट्रैक्टर से उनकी गाड़ी में टक्कर मारी थी।

# तेज कार की टक्कर से युवक की मौत

- तलाकौर रोड गांव सबलपुर के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

तलाकौर रोड गांव सबलपुर के पास कार की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव मलिकपुर नानु सिंह निवासी विवेक ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित गांव पिंजौरा निवासी 36 वर्षीय जसविंद्र सिंह शुक्रवार शाम गांव सबलपुर अड्डे पर किसी काम से आया था। जब वह तलाकौर रोड पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने जसविंद्र सिंह को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया।

लोगों ने घायल जसविंद्र सिंह को अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना घायल के परिजनों को दी। अस्पताल में डॉक्टरों ने जसविंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शनिवार सुबह पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

# वर्तमान में नवीन तकनीकों का ज्ञान होना आवश्यक : भूटानी

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कालेज में एजेंटिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में एजेंटिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रुप में ईएक्सएल सर्विसेज नोएडा के सीनियर असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट संदीप भूटानी ने भाग लिया। कार्य की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने की।

मुख्य वक्ता संदीप भूटानी ने विद्यार्थियों को एजेंटिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूल अवधारणा और इसके व्यावहारिक उपयोग व भविष्य की संभावनाओं को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वायत्त आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम्स, उद्योग की अपेक्षाओं व करियर के अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नवीन तकनीकों का ज्ञान होना आवश्यक है। स डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के विशेषज्ञ सत्र अकादमिक शिक्षा व उद्योग के बीच की दूरी को कम करने में सहायक होते हैं।



यमुनानगर। कॉलेज में आयोजित व्याख्यान में संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता।

# गुरु रविदास जयंती पर 31 को होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व सीएम नायब सैनी होंगे मुख्यातिथि



रादौर। जिला अध्यक्ष धर्म सिंह पिंकी।

**रादौर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती पर 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र के उमरी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

जन चेतना ट्रस्ट हरियाणा के अध्यक्ष सुदेश कटारिया की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर व मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित होंगे। यह जानकारी देते हुए भारतीय दलित साहित्य अकादमी के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह पिंकी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री कृष्ण पवार करेंगे। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियों जोरो पर है। कार्यक्रम में जिले से सैंकड़ों लोग भाग लेने पहुंचेंगे। मौके पर 124 करोड़ रुपए की लागत से 38 मीटर ऊंची संत रविदास जी महाराज की मूर्ति, संत शिरोमणि गुरु रविदास भवन व म्यूजियम का निर्माण किया जायेगा। जिसमें संत रविदास जी के जीवन, शिक्षाओं व भक्ति आंदोलन की जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

# गुरु गोबिंद सिंह की क्रांतिकारी भूमिका ने सिखों को दी ताकत : डॉ. मानसा

- प्रसिद्ध पंजाबी लेखक डॉ. परमजीत सिंह मानसा ने मुख्य वक्ता के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में क्रिटिक सोसायटी द्वारा भारतीय इतिहास में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की भूमिका पर ऑनलाइन लेक्चर का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रुप में कपूरथला के प्रसिद्ध पंजाबी लेखक एवं विद्वान डॉ. परमजीत सिंह मानसा ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। जबकि कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रसिद्ध पंजाबी लेखक डॉ.परमजीत सिंह मानसा ने श्री गुरु गोबिंद सिंह की क्रांतिकारी भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह की क्रांतिकारी भूमिका ने सिख समुदाय को एक शक्तिशाली ताकत में बदल दिया। जो उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़ी रही। उन्होंने सिंह और कौर उपनामों के ऐतिहासिक महत्व पर जोर दिया। जिसने समानता, साहस और आत्म सम्मान पर आधारित एक अलग पहचान दी।




यमुनानगर। ऑनलाइन व्याख्यान में अपने विचार रखते हुए वक्ता।

## डीसी ने की ट्रांसमिशन लाइन पर हुई बैठक की अध्यक्षता

# किसानों को मार्केट रेट के अनुसार दिया जाएगा मुआवजा

उपायुक्त कार्यालय में एचवीपीएनएल के अधिकारियों एवं किसानों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड (एचवीपीएनएल) द्वारा 66 केवी ट्रांसमिशन लाइन लगाए जाने वाले बिजली के टावरों में आई भूमि के मुआवजे को लेकर उपायुक्त कार्यालय में एचवीपीएनएल के अधिकारियों व किसानों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उपायुक्त प्रीति ने बैठक में किसानों को टावर का निर्धारित किए गए मार्केट रेट के हिसाब से मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि एचवीपीएनएल द्वारा बकाना से जगाधरी के सेक्ट 18 में बिजली की लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। किसानों द्वारा बिजली की लाइन बिछाने के दौरान लगाए जाने वाले टावरों का उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की गई है। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुआवजा मार्किट रेट के अनुसार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्धारित किए गए मार्किट रेट के हिसाब से किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को मुआवजा देने के कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए। मार्किट रेट कमेटी पूरी छानबीन करके जमीन का भाव निर्धारित करें। किसानों को पेमेंट जल्द से जल्द करें। किसानों ने पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। मौके पर एचवीपीएनएल के अधीक्षक अभियंता जेएस सरवारा ने आश्वासन दिया कि किसानों को पेमेंट जल्द से जल्द दी जाएगी। किसानों को नुकसान नहीं होगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ,कार्यकारी अभियंता सुनील सोनी, किसान हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। एचवीपीएनएल के अधिकारियों व किसानों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त प्रीति।



लाडवा। प्रभातफेरी के दौरान मास्टर मुकेश शर्मा के निवास स्थान पर उपस्थित शिव भक्त। फोटो : हरिभूमि

## प्रभातफेरी में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

लाडवा। भरपूर कॉलोनी में मास्टर मुकेश शर्मा के निवास स्थान पर प्रभातफेरी का शुभ आगमन हुआ। प्रभात फेरी के आगमन के पश्चात सबसे पहले भगवान शिव को माल्यार्पण एवं अभिषेक किया गया। तत्पश्चात गणेश वंदना के साथ संकीर्तन का प्रारंभ हुआ। प्रभातफेरी में संकीर्तन मंडल के सदस्यों ने भगवान शिव के भजनों से वातावरण को आनंदित एवं ऊर्जावान बना दिया। बसंत ऋतु के आगमन के उत्सव पर भगवान श्रीकृष्ण के होली के भजनों से भी वातावरण दिव्य और भव्य बन गया। भगवान श्रीकृष्ण के पंजाबी भजनों पर भी श्रद्धालुओं ने खूब आनंद से नृत्य किया। राम हनुमान राम लीला समिति के प्रधान राजेश वर्मा ने बताया कि हमारी संस्था प्रत्येक वर्ष प्रभात फेरी का आयोजन करती है। प्रभात फेरी के पश्चात माता गोरा की हल्दी मेहंदी आदि विवाह की प्रत्येक रस्मे पूरी की जाती हैं। इस अवसर पर संस्था के निदेशक डॉक्टर अशोक कंबोज, अमित सिंगल, सत्य प्रकाश शर्मा, मोहनलाल गुप्ता, मास्टर विजय भूषण, रिशु गुप्ता, मास्टर प्रवेश कुमार, हेमंत सैनी, रिपन शर्मा, राजन कक्कड़, सुनील ढल, संजीव कुमार आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। महिलाओं को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## धूमधाम से मनाई भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती

कुरुक्षेत्र। अखिल भारतीय सैन धर्मशाला कुरुक्षेत्र में भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जी की 102वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैन कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सैन ने की। एसोसिएशन के सभी सदस्यगण द्वारा कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सैन ने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जी का आधुनिक भारत के निर्माण में अविस्मरणीय योगदान रहा। उनका जीवन समतामूलक समाज की स्थापना व लोक-कल्याण के लिए समर्पित रहा। पिछड़े वर्ग वह वंचित वर्ग के प्रति उनके योगदान को मापा नहीं जा सकता है।इस अवसर पर सैन समाज के मेधावी छात्रो युवाओ वह मातृशक्ति को सम्मानित किया और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सैन धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान काला रायशन, भूतपूर्व प्रधान ओमप्रकाश सगरोली, सचिव देवी दयाल, पार्षद अंबाला शिवाजी काकरान, समाजसेवी संजय लाकरा अंबाला, राजीव सैन, जितेन्द्र सरपंच संगरोली, तरसेम, मुकेश, गोपाल सैन लक्ष्मण, कलावती सैन, राजू ज्योतिसर, सजीव गाधी, रघुवीर कौल, प्रमोद सैन महावीर, बलराज, रविंद्र कटारिया वह समस्त कार्यकारिणी मौजूद रही।

### पुलिस, होमगार्ड के जवानों व स्कूली विद्यार्थियों ने की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल

# साझे प्रयासों से भव्य और परम्परागत रूप से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह : मेहता

### लाडवा उपमंडल के कार्यक्रम में पानीपत की मेयर कोमल सैनी करेंगी ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

उपमंडल अधिकारी नागरिक अनुभव मेहता ने कहा कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के राष्ट्रीय पर्व के एक-एक क्षण को यादगार बनाना है। इस कार्यक्रम को भव्य और परम्परागत ढंग से मनाने के लिए सभी के सांझे सहयोग की जरूरत होगी। इस कार्यक्रम की तैयारियों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए और समय रहते सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर तैयारियां पूरी करनी सुनिश्चित करेंगे। लाडवा उपमंडल का गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम 26 जनवरी को अनाज मंडी लाडवा के प्रांगण में होगा। इस कार्यक्रम में पानीपत की मेयर कोमल सैनी राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। एसडीएम अनुभव मेहता शनिवार को अनाज मंडी लाडवा के प्रांगण में गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान बोल रहे थे। इससे पहले एसडीएम अनुभव मेहता ने फाईनल रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण किया। परेड का निरीक्षण करने के उपरांत मार्च पास्ट में शामिल जवानों की सलामी ली। इस दौरान एसडीएम ने परेड को और बेहतर बनाने के लिए प्लाटून कमांडर को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा बहुत सुंदर और मनमोहक योगासन और पीटी शो का प्रदर्शन किया। इसके साथ-साथ पुलिस, होमगार्ड के जवानों व एनसीसी के बच्चों ने भी शानदार मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि 26 जनवरी के पावन पर्व पर प्रशासन की तरफ से स्वतंत्रता सेनानियों, वीर-वीरांगनाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ-साथ उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों सामाजिक संस्थाओं व समाजसेवी लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे और गणतंत्र दिवस को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।



कुरुक्षेत्र। मार्च पास्ट करते एनसीसी कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

#### सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

*कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया है। जिला पुलिस द्वारा जिले भर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के आदेश दिए गए हैं। 26 जनवरी 2026 को पुलिस लाईन में हरियाणा सरकार में मंत्री कृष्ण कुमार बेदी तिरंगा फहराएंगे। आयोजन स्थल व आयोजन स्थल की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आयोजन स्थल के आसपास की सुरक्षा के लिए पीसीआर व चीता राइडरों को तैनात किया गया है। जिला पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह को शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। जिला कुरुक्षेत्र में किये जा रहे आयोजन स्थल के प्रवेश द्वार पर मैटल डिटेक्टर लगाए गए है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों और थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने एरिया में होटलों व धर्मशालाओं में विशेष चैकिंग अभियान चलाये जा रहे हैं।*

## गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर तैयारियां सम्पन्न : सनसनवाल



शाहबाद। रिहर्सल करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

शाहबाद। उपमंडल अधिकारी नागरिक चिनार सनसनवाल ने कहा कि उपमंडल शाहबाद में गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इसी के चलते शनिवार को फुल ड्रैस फाईनल रिहर्सल करवाई गई, जिसमें सभी चयनित विद्यालयों के बच्चों द्वारा फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। इस मौके पर एसडीएम चिनार सनसनवाल ने परेड की सलामी ली तथा सभी कार्यों का निरीक्षण किया। एसडीएम चिनार सनसनवाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को उपमंडल शाहबाद में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। हर वर्ष की भांति इस बार भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। गणतंत्र दिवस समारोह में 26 जनवरी को जिला परिषद करनाल की चेयरपर्सन प्रवेश कुमारी बतौर मुख्य अतिथि उपमंडल शाहबाद में शिरकत करेंगी तथा परेड की सलामी लेंगी। उन्होंने कहा कि शनिवार को अनाजमंडी शाहबाद में गणतंत्र दिवस की फुल ड्रैस रिहर्सल की गई, जिसमें चयनित स्कूलों के बच्चों द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी गई। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में मार्च पास्ट, पीटी शो, परेड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के लिए चयनित स्कूल के विद्यार्थियों व पुलिस के जवानों द्वारा फाईनल रिहर्सल की गई।

### खबर संक्षेप



## नशे के विरुद्ध लगाया जागरूकता शिविर

कुरुक्षेत्र। जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सीजेएम एवं सचिव मिस नीतिका भारद्वाज द्वारा प्रयास संस्था के सहयोग से जिला जेल, कुरुक्षेत्र में नशे के विरुद्ध जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने शिरकत की तथा जेल में बंद बंदियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया।

## किड्जी स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस



लाडवा। लाडवा के किडजी स्कूल में गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बच्चों को बताया कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ था, इसी कारण हर वर्ष गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर उनसे संबंधित वेशभूषा पहनकर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

# विद्यार्थियों को परीक्षा में लगन एवं मेहनत के साथ प्रदर्शन करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

- नवयुग स्कूल में आशीर्वाद समारोह आयोजित

नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में कक्षा द्वादश के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में हवन का आयोजन करवाकर सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने सभी विधार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को जीवन का महत्व समझना चाहिए। छात्र-छात्राओं को अनुशासित रहते हुए राष्ट्र के विकास को अपना लक्ष्य मानकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने छात्र छात्राओं को परीक्षा में धैर्य, लगन एवं मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए



प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान कई छात्र छात्राएं भावुक हो गए। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक विकास गाबा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, कोऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका मंजीत, नैंसी, सीमा, परमज्योति, नीतू, सोनिया, रजनी, पायल, हरिंदर, प्रियंका, रिहाना, मधु, पूनम, आशा, अंजलि, मोनिका, स्नेह, गीता रीमा किरण आदि मौजूद रहे।



## वंदे मातरम गायन के 200 विशिष्ट अतिथियों में आचार्य अमित का चयन

कुरुक्षेत्र। गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र के वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ आचार्य अमित कुमार का भारत सरकार रक्षा मंत्रालय द्वारा वंदे मातरम गायन की वीडियो रिकॉर्डिंग प्रतियोगिता के आधार पर देशभर से चयनित 200 प्रतिभागियों की सूची में चयन हुआ है। इस चयन के आधार पर अमित कुमार को 26 जनवरी 2026 को कर्तव्य पथ पर आयोजित 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह एवं परेड में रक्षा मंत्रालय द्वारा विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण प्राप्त हुआ है।

# राजकीय प्राथमिक पाठशाला अमरगढ़ मझाड़ा में मैथ गार्डन का भव्य उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

राजकीय प्राथमिक पाठशाला अमरगढ़ मझाड़ा में मैथ गार्डन का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।

- सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल गतिविधियों का किया आयोजन

ब्लॉक समिति के प्रधान विक्रम सिंह चीमा ने मैथ गार्डन का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। विद्यालय प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल गतिविधियां तथा गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय के विकास हेतु कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ भी की गईं। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, ग्रामीणजन, अन्य विद्यालयों से आए शिक्षकगण ने बढ़-चढकर सहभागिता निभाई। इस कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत प्रेरणादायक एवं उत्साहपूर्ण रहा, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



विक्रम सिंह चीमा, सीएमजीजीए मुस्कान यादव व डाइट जसविंदर सिंह ने सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएमजीजीए मुस्कान यादव, डाइट इंचार्ज डॉ. जसविंदर, मैथ स्पेशलिस्ट सुषमा, एफएलएन जिला समन्वयक महावीर आत्रेय, भारत स्काउट एंड गाइड जिला समन्वयक अमित कौशिक, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान राजेंद्र टंडन आदि मौजूद रहे।

## नगर दादा खेड़ा मंदिर में आज उमड़ेगी आस्था, लगेगा भंडारा: धर्मवीर अत्री

पिहोवा। नगर स्थित प्राचीन दादा खेड़ा मंदिर में आज रविवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। धार्मिक आस्था के केंद्र दादा खेड़ा मंदिर में आज विशेष पूजा-अर्चना एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। जानकारी देते हुए श्री क्षेत्रपाल सेवा समिति के प्रधान धर्मवीर अत्री ने बताया कि एक दिन पूर्व सायंकाल को खेड़ा दादा पर भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें अनेक भजन गायकों द्वारा खेड़ा दादा की महिमा का गुणगान किया गया। उन्होंने बताया कि आज रविवार को प्रातः जलधारा करने उपरांत हवन यज्ञ एवं कन्या पूजन किया जाएगा, तत्पश्चात एक विशाल भंडारा होगा जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि मान्यता है कि ग्राम देवता के रूप में खेड़ा दादा आपदा, बुरी आत्माओं व जानलेवा बीमारियों से हमारी रक्षा करते है। प्रत्येक शुभ कार्य से पूर्व भी खेड़ा दादा को ही पूजा जाता है। समिति के उपप्रधान सुरेश बवेजा ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष रूप से विधायक मनदीप चट्ठा, नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, सैनसन पेपर मिल के एम.डी. प्रदीप सैनी सहित अनेक गणमान्य जन शिरकत करेंगे। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। इस मौके पर विजय शर्मा, जय भगवान शर्मा, विनोद प्रजापति, सुरेश वर्मा, कृष्ण लाल सहित अनेक सेवादार उपस्थित थे।



# नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर गुरुकुल कुरुक्षेत्र में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध विद्वानों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में पधारे विशिष्ट अतिथियों का परिचय कराया, जिनमें राष्ट्रीय वैदिक विद्वान डॉ. विद्यालंकार, डॉ. सोमवीर, सहायक प्रोफेसर, दयाल सिंह कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय डॉ. कृष्ण, सहायक प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शामिल थे। डॉ. विद्यालंकार ने अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया तथा डॉ. सोमवीर को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन और योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया। डॉ. सोमवीर ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तिगत जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बोस के विद्यालय जीवन की घटनाओं का उल्लेख किया, जिनमें विद्यालय की प्रार्थना न बोलने की घटना प्रमुख रही।



उन्होंने नेताजी के माता-पिता—जानकी दास बोस और प्रभा देवी—का भी उल्लेख किया तथा बचपन से मिले संस्कारों को रेखांकित किया। डॉ. सोमवीर ने कहा कि सच्चे देशभक्त राष्ट्र के लिए बिना किसी वेतन या पुरस्कार की अपेक्षा किए संघर्ष करते हैं, क्योंकि शहादत ही सबसे बड़ा पुरस्कार है। उन्होंने यह प्रेरणादायक विचार गुरुकुल के विद्यार्थियों के साथ साझा किए। इस अवसर पर गुरुकुल कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष राजकुमार गर्ग तथा व्यवस्थापक रामनिवास ने डॉ. सोमवीर को शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

## सदगुरू के आने से ही साधक के जीवन में बसंत आता है : सिद्धार्थ औलिया

कुरुक्षेत्र। श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश और समर्थगुरू मैत्री संघ हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि बसंत पंचमी का पर्व भक्तों ने श्रीदुर्गा देवी मंदिर और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपली में धूमधाम से मनाया। समर्थगुरू धारा संघ की नारी सशक्तिकरण टीम की मुख्य संयोजक डॉ. रचना के निर्देशन और संपूर्ण भारत के विभिन्न राज्यों की टीम ने ऑनलाइन जूम के माध्यम से सुंदर-सुंदर प्रस्तुति दी। लगभग 305 डिवाइस के माध्यम से साधकों ने परिवार सहित बसंत पंचमी कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया। गुजरात से मां रागेश्वरी और टीम ने सूफी नृत्य किया। उत्तरप्रदेश से मां अरुणिमा ने प्रस्तुति दी। मध्यप्रदेश की टीम ने संत जनाबाई और भगवान विट्ठल की नाटिका प्रस्तुत की। जम्मू टीम ने ऐसी लागी लगन भजन पर प्रस्तुति दी। पंजाब दसुआ की टीम ने भव्य प्रस्तुति दी। समर्थगुरू धाम मुरथल हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरू सिद्धार्थ औलिया ने बताया कि बसंत में संत जुड़ा हुआ है। सदगुरू के आने से ही साधक के जीवन में बसंत आता है। समर्थगुरू धारा में हम सभी के जीवन में बसंत लाया जाता है। हमारा जीवन तभी धन्य होता है जब संतत्व के मार्ग पर हम चलते है। मां रचना ने टेक्निकल टीम के प्रभारी स्वामी सुशील, डॉ.वरुण और स्वामी मयंक का आभार प्रकट किया।





कुरुक्षेत्र। कार्यशाला में मौजूद अतिथिगण।

## पत्थर के औजार, मिट्टी के बर्तन व पुरावशेष पर कार्यशाला सम्पन्न

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग में पत्थर के औजार, मिट्टी के बर्तन और पुरावशेष विषय पर 6 दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर शैक्षणिक सत्र में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के अधीक्षक मनोज कुमार सक्सेना ने फील्ड-बेस्ड अहम जानकारी शेयर की, जिसमें राखीगढ़ी में खुदाई का उनका अनुभव भी शामिल था। वहीं पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के सहायक प्रो. डॉ. विकास राणा ने एक पुरातत्व में पुरावशेषों पर चर्चा करते हुए वैज्ञानिक डॉक्यूमेंटेशन, व्याख्या और पुरातत्व के एक व्यवस्थित विषय में बदलने पर जोर दिया। इस मौके पर प्रो. आर. के. देशवाल, प्रो. कृष्णा रंगा, कुरुक्षेत्र डेवलपमेंट बोर्ड के पूर्व मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

**कार्यक्रम** | महिलाओं के लिए निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प और सेमिनार का आयोजन

# महिलाओं के स्वास्थ्य से पूरे परिवार का स्वास्थ्य जुड़ा होता : घुम्मन

- रोटरी क्लब शाहबाद मारकंडा एवं इन्नरव्हील क्लब शाहबाद मारकंडा की ओर से आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा एवं इन्नरव्हील क्लब शाहबाद मारकंडा द्वारा आदेश मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, मोहड़ी के सहयोग से महिलाओं के लिए निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प तथा सेमीनार का आयोजन सतलुज सीनियर सैकेंडरी स्कूल, किशनगढ़ रोड, शाहाबाद मारकंडा में किया गया। इस कैम्प का उद्देश्य महिलाओं में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समय रहते जांच द्वारा बचाव को प्रोत्साहित करना रहा। कैंप में जागरूकता सत्र के उपरांत ईबी, पैप स्मीयर टेस्ट तथा सामान्य स्वास्थ्य जांच हेतु आवश्यक प्रयोगशाला परीक्षण किए गए। इस अवसर पर 114 महिलाओं ने पहुंचकर कैंप का लाभ उठाया। प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. गुन्तास गिल, डायरेक्टर आदेश मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, मोहड़ी ने बताया कि महिलाओं में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन समय पर जांच से इसे रोका जा सकता है। ऐसे निःशुल्क कैम्प समाज के कमजोर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भविष्य में भी रोटरी क्लब द्वारा इस प्रकार के जनहितकारी प्रोजेक्ट आयोजित किए जाते रहेंगे।





शाहबाद। कैंप में महिलाओं की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

#### कैंसर के प्रकारों की दी जानकारी

रोटरी प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि रोटरी क्लब का उद्देश्य समाज को स्वस्थ एवं जागरूक बनाना है। महिलाओं के स्वास्थ्य से ही पूरे परिवार का स्वास्थ्य जुड़ा होता है। कैंप में डॉ. मोनिका जुत्शी, लैप्रोस्कोपिक सर्जरी विशेषज्ञ ने स्वास्थ्य वार्ता के दौरान महिलाओं को स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पैप स्मीयर टेस्ट से गर्भाशय के मुँह के कैंसर की शुरूआती अवस्था में पहचान संभव है, जिससे इलाज आसान हो जाता है। इन्नरव्हील क्लब शाहाबाद मारकण्डा की प्रधान श्रीमती रेणु वाधवा ने कहा कि ऐसे कैम्प महिलाओं को जागरूक करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। मंच का संचालन रोटरी सचिव रो. विक्रम गुप्ता ने किया। इस अवसर पर ए. जी.. डॉ. एस. एस. आहूजा, मुख्य गवर्नर सलाहकार. राज कुमार गर्ग, परवीन ठकराल, सुरेश गोगिया, मनिन्दर सिंह घुम्मन, इन्नरव्हील सचिव मधु मोड़गिल, ऋचा वाधवा, परोमिला ढिंडसा, मधु गुप्ता, मोनिका घुम्मन, डॉ. प्रिया, नर्स हीना, गुरजीत कौर, राहुल, करनदीप, सतबीर सिंह, मनोज भसीन, अरशदीप कौर, पूजा, सीमा, मोहसिन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। आदेश हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने भी कैम्प को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## खबर संक्षेप

### चाकू से वार कर एक युवक की हत्या

**अंबाला।** पंजाब में अंबाला के युवक की हत्या कर दी गई। पड़ोसी जिले मोहाली के लालड़ू के पास चंडीगढ़-दिल्ली हाईवे पर स्थित होटल में अंबाला के कुछ युवक जन्मदिन पार्टी मनाने पहुंचे थे। पार्टी के दौरान युवकों में बहस हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि बर्थडे पार्टी में आया अंबाला के युवक को चाकू घोंप दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अमनदीप सिंह (27) पुत्र सुखविंदर सिंह के तौर पर हुई जोकि गांव गांव डेहरी का बताया जा रहा है। लालड़ू पुलिस ने तीन युवकों समेत आधा दर्जन साथियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है।



### रक्तदान शिविर में 112 यूनिट्स रक्त एकत्र

**शहजादपुर।** स्वर्गीय हरबिलास सिंह रज्जुमाजरा की याद में उनकी धर्मपत्नी गीता हरी व परिवार के सदस्यों द्वारा विश्वास फाउंडेशन पंचकूला के सहयोग से ग्राम सचिवालय हुसैनी में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस रक्तदान शिविर में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने एहम भूमिका निभाई। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि रक्तदान शिविर का उद्घाटन परिवार के सदस्यों द्वारा किया गया। इससे पहले डॉक्टरों की टीम ने रक्तदाताओं का पहले चेकअप किया, डॉक्टरों ने बताया कि रक्तदान करने से किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होती है बल्कि रक्तदान करने से व्यक्ति को गर्व महसूस होता है। शिविर में 126 लोगों ने रक्तदान करने के लिए पंजीकृत करवाया। 14 लोगों को शारीरिक दिक्कतों के वजह से डाक्टरों द्वारा मना कर दिया गया।

### मयंक शर्मा ने कराया हवन व विशाल भंडारा

**पिहोवा।** मां सरस्वती प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर कुरुक्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी मयंक शर्मा के नेतृत्व में धार्मिक व सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत हवन-यज्ञ एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।







## गणतंत्र दिवस समारोह: ब्लॉक स्तर पर भी समारोह की तैयारियां पूरी, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

### जिला स्तरीय समारोह में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा होंगी मुख्यअतिथि

# छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शानदार प्रस्तुतियों से लूटी वाहवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। शनिवार को पूरे जिला व ब्लॉक स्तर पर समारोह को लेकर फुलड्रेस रिहर्सल का आयोजन हुआ। इस दौरान नोडल अधिकारियों ने रिहर्सल का अवलोकन कर जरुरी निर्देश दिए। जिला स्तरीय समारोह अंबाला शहर के पुलिस लाइन में आयोजित किया जाएगा। यहां राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी लेंगी।

77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 26 जनवरी को अनाज मंडी में आयोजित होने वाले भव्य गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया गया। रिहर्सल के दौरान उप-मंडल अधिकारी शिवजीत भारती ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा परेड की सलामी ली। इस अवसर पर डीएसपी सूरज चावला सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। डीएसपी सूरज चावला के मार्गदर्शन एवं मुख्याध्यापक सुरेंद्र धीमान की देखरेख में रिहर्सल में हरियाणा पुलिस, विभिन्न सरकारी व निजी स्कूलों एवं कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। अनुशासित कदमताल, आकर्षक ड्रिल और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण ने उपस्थित लोगों को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा

फाइनल रिहर्सल के दौरान कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा, मंच एवं बैठक व्यवस्था, ध्वजारोहण क्रम, परेड अनुक्रम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का समय निर्धारण, सुरक्षा प्रबंधों आदि की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास, अनुशासन एवं गरिमा के साथ आयोजित किया जाएगा।

समारोह में कुरुक्षेत्र जिला परिषद की अध्यक्ष कंवलजीत कौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेंगी। डीएसपी सूरज चावला ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कार्यक्रम स्थल, परेड मार्ग एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष योजना तैयार की गई है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।गणतंत्र दिवस समारोह में पुलिस बल सहित विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों की एनसीसी टुकडिय़ों द्वारा आकर्षक परेड एवं मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया जाएगा। परेड का संचालन परेड कमांडर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में किया जाएगा। जिसमें हरियाणा पुलिस, राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल , पीएम श्री राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल पतरेहड़ी, डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल, पीएम श्री राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल शहजादपुर, पैरामाउंट कांवेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल अकबरपुर ने भाग लिया जाएगा।



अंबाला। फुल ड्रेस फाइनल रिर्हसल में परेड की सलामी लेती एसडीएम व डीएसपी।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान नायब तहसीलदार सुनील कुमार, बीडीपीओ जोगेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मनजीत कौर, सीडीपीओ अरविंदर कौर, सुरेंद्र सिंह, मुख्य अध्यापक सुरेंद्र धीमान, रीडर नवीन सैनी, मार्केट कमेटी सचिव अखिलेश शर्मा, एआईपीआरओ मनोज वालिया, पीटीआई राजकुमार, सेठी लाल, एनसीसी अधिकारी सतपाल भी मौजूद रहे।



अंबाला। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रसतुत करते छात्र।

### फुलड्रेस रिहर्सल में छात्रों ने दिखाया जलवा

अंबाला। उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस की फुलड़ेरस रिहर्सल अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज में हुई। तहसीलदार प्रियंका ने उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुलड्रेस रिहर्सल में ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली। रिहर्सल के दौरान परेड की कमांड पीएसआई सुशील कुमार ने की। जिला पुलिस की टुकड़ी ने एसआई सुभाष चंद्र, एसडी कॉलेज एनसीसी की टुकड़ी ने सीनियर अंडर ऑफिसर हर्षित कुमार ने कैडेट माधवी के नेतृत्व में, एसडी कॉलेज की एनएसएस की टुकड़ी ने कबीर दुग्गल के नेतृत्व में, यूथ रेड क्रास की टुकड़ी ने कमांडर अनुप्रिया के नेतृत्व, राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल बकरा मार्केट एनसीसी जूनियर विंग की टुकड़ी ने कृष्ण के नेतृत्व में, राजकीय माडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल हिंदूस्तान स्काउट एंड गाइड की टुकडी का नेतृत्व कमांडर एकम में मार्च पास्ट किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डीसी मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने मां नंदा को समर्पित उत्तराखंड लोक नृत्य की प्रस्तुति, राम स्वरूप जिंदल (आरएसजे) राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी नृत्य, सिसिल कांवेंट स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा रानी लक्ष्मीबाई की जीविनी पर आधारित प्रस्तुति, तनेजा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मराठी नृत्य, टैंडर हार्ट स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भारत की संस्कृति पर आधारित नृत्य, सिक्ख गर्ल्स स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भंगड़ा, द एसडी विद्या स्कूल के विद्याथियों द्वारा भारत की अनेकता में एकता को दर्शाते हुए बांगला नृत्य, एसडी कालेज के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई।

## स्पेल बी प्रतियोगिता में माइंड मास्टर्स समूह ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शैमफॉर्ड विद्यालय में विद्यार्थियों के बौद्धिक, भाषायी एवं रचनात्मक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अंतर-सदनीय हिंदी शब्द भंडार एवं स्पेल बी प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में भाषा-ज्ञान, आत्मविश्वास तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित की गई। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित अंतर-सदनीय हिंदी शब्द भंडार प्रतियोगिता की थीम "शब्दों की शक्ति से ज्ञान की उड़ान" रही। प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में विद्यार्थियों के शब्द-ज्ञान, अर्थ-बोध एवं भाषा कौशल की प्रभावी परीक्षा ली गई। इसमें आर्यभट्ट, पाणिनि, सुश्रुत एवं चरक सदन के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में पाणिनि सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसमें मनन, रमनीत एवं राघव का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। आर्यभट्ट सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें आराध्या, अलीशा एवं करण शामिल रहे। वहीं चरक सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया। स्पेल बी प्रतियोगिता में माइंड मास्टर्स समूह ने प्रथम स्थान,शार्प माइंड्स समूह ने द्वितीय स्थान तथा ब्रेनी बीज़ समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्टूडेंट्स।

## चोरी की गाड़ी सहित तीन युवक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने गाड़ी चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन व्यक्तियों को चोरी की गाड़ी सहित गिरफ्तार किया है। इनमें दो सगे भाई विनीत और शुभम हैं जो 2014 से ही इस प्रकार की चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं जबकि रिमांशु नाम के लड़के को इन दोनों भाइयों ने अभी अंबाला वाली चोरी की घटनाओं में शामिल किया है 1 निरीक्षक ऋषिपाल ने बताया कि एवीटी सैल की टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि तीन लड़के जो पुरानी छोटी गाड़ियों को चोरी करते है और इन गाड़ियों को कटवा कर अलग अलग पार्ट्स करवाकर बेच देते हैं। ये तीन लड़के एक चोरी की गई गाड़ी के साथ बलदेव नगर क्षेत्र में घूम रहे हैं। पुलिस ने सूचना के बाद आरोपियों को नाकाबंदी कर काबू कर लिया। आरोपियों से एक गाड़ी भी जब्त की। पूछताछ करने और वाहन के इंजन व चेसिस नंबर की जांच करने पर पाया गया कि उक्त गाड़ी पंजाब से चोरी की गई थी। आरोपियों ने बाया कि वे 55 से 60 गाड़ियों को चोरी करके उन्हें कटवा कर बेच दिया है I आरोपी वर्ष 2014 से इस प्रकार की चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं आरोपियों के खिलाफ पंजाब , चण्डीगढ़ और हरियाणा में लगभग 45 मामले दर्ज है।



## शिक्षण तभी प्रभावी होगा जब कक्षा का वातावरण उत्साहपूर्ण व तनावमुक्त होगा

**बराड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल में सीबीपी सीरीज़ के अंतर्गत हैप्पी क्लासरूम कैसे बनाए विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यालय सहित आसपास के शिक्षण संस्थानों से आए लगभग 60 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला की रिसोर्स पर्सन आरपी गौरी वंदना तथा अनिशा घूमम्न रहीं। उन्होंने कक्षा को रोचक, आनंददायक व सकारात्मक बनाए रखने के लिए सरल व प्रभावी उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शिक्षण तभी प्रभावी हो सकता है जब कक्षा का वातावरण उत्साहपूर्ण और तनावमुक्त हो। रिसोर्स पर्सन्स ने कहा कि वर्तमान परिवर्तनशील समय में शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच बेहतर तालमेल अत्यंत आवश्यक है।



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

## तेज हवा के साथ हुई बरसात से गेहूं की फसल गिरी, किसानों की चिंता बढ़ी

**मुलाना।** क्षेत्र में शुक्रवार को हुई बारिश के साथ चली तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज हवा के कारण कई स्थानों पर गेहूं की फसल खेतों में गिर गई, जिससे फसल को नुकसान पहुंचा है, इसके अलावा सरसों की फसल और गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचने की संभावना है। किसान रामअवतार, शीशपाल, अभिषेक ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल बढ़वार की अवस्था में होती है और ऐसे में तेज हवा व बारिश के कारण फसल के गिरने से उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ जाती है, इसके अलावा सरसों की फसल भी खेतों में बिछी पड़ी है। तेज हवा ने फसल को अधिक प्रभावित किया है, इसके साथ ही गन्ने की फसल भी तेज हवा से अस्त व्यस्त हो गई है, जिससे किसानों को उसे दुरुस्त करने में अधिक व्यय करना होगा। किसानों ने बताया कि शुक्रवार को सुबह से शाम तक बारिश हुई है। बारिश के साथ चली हवा के चलते ही किसानों की मेहनत पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। इसी प्रकार के हालात जिला के अन्य स्थानों पर भी देखने को मिले।

## प्रत्येक चुनाव में बढ़ चढ़कर मतदान करें युवा

**युवाओं को मतदाता दिवस पर शिक्षकों ने किया आह्वान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय महिला महाविद्यालय में इलेक्ट्रोल कमेटी एवं राजनीति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापिका प्रो. वनिता शर्मा ने विस्तार से व्याख्यान देते हुए मतदान के अधिकार के महत्व, लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका तथा संवैधानिक जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार नागरिक बनते हुए प्रत्येक चुनाव में मतदान करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान सभी छात्राओं को मतदान की शपथ भी दिलाई गई, जिसमें उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। साथ ही मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेशों के माध्यम से युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया गया।

## वेतन को तरसे शिक्षक, दो महीने का नहीं मिला वेतन, रोटी के पड़े लाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत सरकारी स्कूलों में नियुक्त अध्यापकों का शोषण थमने का नाम नहीं ले रहा है। कहने को तो ये अध्यापक दूसरे अन्य टीचरों की तरह ही पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत से अपने शिक्षण कार्य को अंजाम दे रहे हैं लेकिन इसके बावजूद उन्हें समय पर वेतन तक नसीब नहीं हो रहा है। राजकीय उच्च विद्यालय सोहता में नियुक्त अध्यापकों सुशील कुमार, प्रदीप कुमार और आमना ने बताया कि खंड में एचकेआरएनएल के तहत लगे टीचरों को समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उन्हें अभी तक भी दिसंबर महीने का वेतन नहीं मिला है। अध्यापकों का कहना है कि बीते शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उन्होंने कक्षा दसवीं का शत-प्रतिशत परिणाम देकर यह साबित कर किया है कि वे शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं कर रहे हैं।इसके बावजूद भी उनको हर महीने वेतन पाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।इन अध्यापकों का कहना है कि उनका मासिक वेतन कभी भी समय पर नहीं आता, जिस कारण उन्हें भारी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। घर का खर्च, बच्चों की पढ़ाई और अन्य आवश्यक ज़रूरतें पूरी करना उनके लिए मुश्किल हो गया है।



बराड़ा। जानकारी देते हुए टीचर्स।

**करेंगे समाधान**

यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। जिन टीचरों या कर्मचारियों को अभी तक वेतन नहीं मिला है। उन टीचरों के स्कूल में बात कर इनकी समस्या को दूर किया जायेगा। -जगदीश, बीईओ, बराड़ा।

## कमलानंद गिरि महाराज बोले, गंगाजल स्नान से मिलता है पुनर्जन्म से मुक्ति का मार्ग

# जीव को जीवन में श्रीमद्भगवद गीता को अवश्य धारण करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

श्री कल्याण कमल आश्रम, हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरि महाराज ने कहा कि भगवद्गीता का पाठ, गंगाजल से स्नान एवं पान ये दोनों ही मनुष्य को पुनर्जन्म के बंधन से मुक्त करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि गीता को कानों से पीना चाहिए। गंगाजल को मुख से। जिसने गंगा और गीता का सेवन कर लिया वह पुनर्जन्म से बच गया। कमलानंद गिरि महाराज ने ये विचार प्राचीन श्री रघुनाथ मंदिर में आयोजित भगवद्गीता प्रवचन कार्यक्रम के पांचवें दिन व्यक्त किए। उन्होंने गंगाजल की महिमा बताते हुए एक प्रेरक प्रसंग सुनाया कि एक बार एक सर्प गंगाजल पी रहा था। उसी समय गरुड़ वहां पहुंचे। सर्प को पकड़ लिया। जैसे ही सर्प के प्राण निकलने वाले थे वह चतुर्भुज भगवान विष्णु के रूप में प्रकट हो गया। गरुड़ के आश्चर्य करने पर उस सर्प ने बताया कि उसने गंगाजल का पान किया था। इस प्रसंग से यह सिद्ध होता है कि गंगा और गीता दोनों ही अत्यंत पावन और मोक्षदायिनी हैं। श्रीमद्भगवदगीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने ने कहा कि संपूर्ण उपनिषद और वेदांत गाय के समान हैं। भगवान श्रीकृष्ण गोपाल हैं जिन्होंने वेद-शास्त्र रूपी गाय से गीता रूपी अमृत निकाला। अर्जुन बछड़े के समान हैं, जिनके माध्यम से यह अमृत संपूर्ण संसार को प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि एक ओर यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन एक लाख ब्राह्मणों को भोजन कराए और दूसरी ओर कोई नित्यप्रति गीता पाठ करे तो दोनों के पुण्य की तुलना में गीता पाठ का पुण्य अधिक होगा।





अंबाला। प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए कमलानंद गिरि एवं उपस्थित श्रद्धालु ।

### गीता अध्ययन से महान फल कोई नहीं

पृथ्वी की परिक्रमा, बड़े-बड़े यज्ञ और मरुस्थल में हजारों प्याऊ खुलवाने से जो फल मिलता है, उससे कहीं अधिक फल गीता के अध्ययन और श्रवण से प्राप्त होता है। इसलिए जीवन में श्रीमदभगवद गीता को अवश्य धारण करना चाहिए। इस अवसर पर स्वामी सुशांतानंद महाराज ने भी श्रद्धालुओं को प्रवचनों की अमृतवर्षा में स्नान कराया और भजन-कीर्तन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने जीवन को धन्य बनाया।